**प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 29.11.2022 जनपद देवरिया**

आज दिनांक 29 -11- 2022 को सुमन देवी पत्नी हरेंद्र चौहान अपने भतीजे सत्यम पुत्र जितेंद्र चौहान निवासी खोराराम थाना कोतवाली जनपद देवरिया उम्र करीब 4 वर्ष के साथ पडरौना बस से देवरिया अपने मायके जा रही थी. यात्रा के दौरान ही उनका भतीजा सत्यम डुमरी चौराहा थाना रामपुर कारखाना पर बस से उतरने वाली किसी महिला के पीछे पीछे अपनी बुआ के भ्रम में उतर गया. देवरिया पहुंचने पर सुमन देवी अपने भतीजे को अपने पास ना पाकर के चिंतित हुई. उनके द्वारा दोपहर लगभग 3रू00 बजे 112 नंबर पर कॉल कर यह समस्या बताई गई.

पीआरवी 1482 पर तैनात मुख्य आरक्षी देवेंद्र नाथ एवं आरक्षी अविनाश जयसवाल सूचना पर बस स्टैंड देवरिया पहुंचे. उनके द्वारा गुमशुदा बालक की तलाश शुरू की गई एवं गुमशुदा बालक की फोटो लेकर के आसपास के सभी थानों एवं पब्लिक व्हाट्सएप ग्रुपों पर उसे ढूंढने के निमित्त भेजा गया. थाना कोतवाली जनपद देवरिया के पुलिसकर्मी भी बालक को ढूंढने में लग गए.

उक्त बालक सत्यम पुत्र जितेंद्र चौहान को डुमरी चौराहा थाना रामपुर कारखाना निवासी निकेश पुत्र चंद्रेश यादव ने डुमरी चौराहे पर भटकते हुए देखा और थाना रामपुर कारखाना के कोबरा मोबाइल ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल नंदलाल यादव व कांस्टेबल शिवप्रताप चौधरी को इसकी सूचना दी. सूचना पर पहुंचे आरक्षी गणों द्वारा पुलिस एवं पब्लिक व्हाट्सएप ग्रुप पर प्रसारित गुमशुदा बालक के फोटो से उसकी पहचान की. पुष्टि होने पर थाना कोतवाली को यह सूचना दी कि गुमशुदा बालक मिल गया है. इस सूचना पर उसके पिता जितेंद्र चौहान और उसकी दादी सूर सती देवी तथा इसकी बुआ सुमन देवी डूंमरी चौराहा थाना रामपुर कारखाना पर आ गए. थानाध्यक्ष रामपुर कारखाना महेंद्र कुमार चतुर्वेदी द्वारा परिजनों को बालक को सुपुर्द किया गया.परिजनों द्वारा देवरिया पुलिस के इस कार्य पर धन्यवाद ज्ञापित किया गया.